वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com

वाराणसी विकास प्राधिकरण से सम्बन्धित दिनांक 22.02.2025 को वाराणसी शहर में प्रकाशित न्यूज पेपर",अमर उजाला, हिन्दुस्तान, ज्ञानशिखा टाइम्स,"समाचार पत्र कटिंग का विवरण।

अमर उजाला–दि0 22.02.2025

7 दिन में आईजीआरएस मामले निस्तारित करें

वाराणसी। वीडीए सचिव डॉ. वेद प्रकाश मिश्रा की अध्यक्षता में शुक्रवार को आईजीआरएस की समीक्षा की गई। वीडीए सचिव ने सभी जिम्मेदार अधिकारियों को सात दिन के अंदर निस्तारण रिपोर्ट भेजने को कहा। सर्वाधिक खराब गुणवत्ता वाले जोन 3 और 4 के जोनल अधिकारी को कार्यशैली में सुधार लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्थलीय जांच के दौरान शिकायतकर्ता से भी वार्ता करें। संवाद

अमर उजाला–दि0 22.02.2025

फुलवरिया तिराहे पर लगेंगी 7-7 फीट की दो हॉकी स्टिक

गोलंबर और त्रिकोण से यातायात को व्यवस्थित करने की योजना

फुलवरिया से कचहरी की ओर से जाने वाले वाहनों के लिए आसानी होगी

माई सिटी रिपोर्टर

वाराणसी। खिलाड़ियों को समर्पित फुलवरिया तिराहे का काम तेज कर दिया गया है। इस तिराहे पर सात-सात फीट की दो हॉकी स्टिक लगाई जाएगी। यहां पर गोलंबर के साथ एक छोटा त्रिकोण बनाया जा रहा है। इससे फुलवरिया से कचहरी की ओर से जाने वाले वाहनों के लिए आसानी होगी।

यहां पर वाहनों का टकराव न हो इसके लिए हरियाली के साथ लाइटिंग की व्यवस्था की जा रही है। वीडीए की ओर से इस तिराहे को खिलाड़ियों के हब के रूप में विकसित किया जा रहा है। यहां पर 7-7 फीट की दो हॉकी स्टिक लगाने के लिए बेस तैयार किया जा रहा है। इसके अलावा बेंच, स्कल्पचर आदि का निर्माण कराया जाएगा। पिछले दिनों महाकुंभ से आने वाली भीड़ के चलते काम रुक गया था। अब वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग की हिदायत के बाद काम तेज कर दिया गया है।

फुलवरिया तिराहा। संवाद

गोलंबर की ईंट बना दी गई है। अब इसमें मिट्टी की भराई का काम चल रहा है। पिछले दिनों यही से नगर निगम ने पौधरोपण अभियान की शुरुआत की थी। इस पूरे इलाके को हरा भरा बनाया जाएगा। पैदल चलने वालों के लिए पाथवे का निर्माण भी कराया जाएगा। ओलंपियन पद्मश्री मोहम्मद शाहिद की पत्नी परवीन शाहिद ने इस तिराहे का नाम पति के नाम पर करने की गुहार प्रशासन से लगाई है। इस संबंध में वे जल्द प्रशासन को पत्र देंगी।

हिन्दुस्तान–दि0 22.02.2025

वीडीए को दो जोनल अफसरों को चेतावनी

वाराणसी। वीडीए में शुक्रवार को आईजीआरएस के संबंध में जोन स्तर पर निस्तारण की समीक्षा हुई। सचिव डॉ. वेदप्रकाश मिश्रा ने जोनल अधिकारियों, कर्मचारियों को सात दिन में शिकायतों के निस्तारण का निर्देश दिया। वहीं सर्वाधिक खराब गुणवत्ता वाले जोनल अधिकारियों सौरभ प्रजापति एवं संजीव कुमार को कार्यशैली में सुधार लाने की चेतावनी जारी की।

ज्ञानशिखा टाइम्स–दि0 22.02.2025

विकास प्राधिकरण के सचिव ने की समीक्षा बैठक

वाराणसी। सचिव के अध्यक्षता में आई0जी0आर0एस0 संदर्भ के समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु अनुभागीय अधिकारी/जोनल अधिकारी तथा संबंधित कर्मचारीगण के साथ

प्राधिकरण सभागार में सचिव द्वारा समीक्षा बैठक की गई बैठक के दौरान साफ्टवेयर के माध्यम से चिन्हित इन्फोर्समेंट जियो ट्रिक्स साफ्टवेयर पर अवैध निर्माण पर कार्यवाही करने का भी निर्देश दिये एवं शासन द्वारा जारी शासनादेश के अनुक्रम के प्रशिक्षण दिया गया। सम्बन्धित अधिकारी/जोनल अधिकारी एवं कर्मचारीगण को आई0जी0आर0एस0 संदर्भों का नियत दिनांक से 07 दिवस पूर्व निस्तारण रिपोर्ट नियत प्रारूप पर उपलब्ध करने हेतु निर्देश दिया गया।आई0जी0आर0एस0 संदर्भ पर स्थलीय निरिक्षण करके विस्तृत रिपोर्ट लगाये अन्यथा की दशा में जोनल व जेई का वेतन रोका जायेगा। शासनादेश में अंक प्रदान करने के 05 मानक बिंदुओं में 04 में पूर्णांक होने परन्तु असंतुष्ट फीडबैक अधिक होने के कारण नंबर कटने के दृष्टिगत सभी संबंधित को शासन की मंशा के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु सचेत किया गया। निर्देश दिया गया कि जिन प्रकरणों में स्थलीय जांच की जाती है उनमें स्थलीय जांच के समय का फोटोग्राफ निस्तारण रिपोर्ट के साथ अनिवार्य रूप से संलग्न किया जाय।स्थलीय जांच के दौरान शिकायतकर्ता से भी वार्ता करके प्रकरण में प्रभावी कार्यवाही की जाए एवं सम्पूर्ण विवरण रिपोर्ट में दर्ज किया जाय।मासिक मूल्यांकन के फीडबैक की स्थिति में अंको की गणना हेतु उच्चाअधिकारी द्वारा स्पेशल क्लोज किए गए असंतुष्ट फीडबैक को कुल असंतुष्ट फीडबैक में से घटाया नहीं जाएगा, बल्कि आवेदक द्वारा दिए गए संतुष्ट फीडबैक के प्रतिशत के अनुसार अंक प्रदान किए जाएंगे। बैठक के दौरान अपर सचिव परमानन्द यादव, देवचन्द्र राम व समस्त जोन के जोनल अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रह।